प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–17.07.2023 (सं0–343)

गत दिनों बिहार पुलिस के द्वारा कुख्यात नक्सलियों एवं अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं अन्य उपलब्धि।

गत दिनों कुख्यात नक्सलियों की गिरफ्तारी।		
क्र.सं.	**जिला / थाना**	**संक्षिप्त**
01	**सारण / पानापुर थाना**	➢ दिनांक 09/07/2023 को गुप्त सूचना के आधार पर 12 वर्षों से फरार चल रहे वांछित माओवादी राजू सहनी उर्फ लंगड़ा, थाना पानापुर जिला सारण को गिरफ्तार किया गया। ➢ आपराधिक इतिहास– इसके विरुद्ध पानापुर थाना में 03 नक्सली काण्ड अंकित है।
02.	**जमुई / खैरा थाना**	➢ दिनांक 11.07.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर फरार कुख्यात अन्तर्राज्यीय नक्सली/अपराधकर्मी डी0पी0 यादव उर्फ देवेन्द्र प्रसाद यादव, ग्राम दरीमा, थाना खैरा, जिला जमुई को गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तार नक्सली/अपराधकर्मियों के विरुद्ध जमुई जिला में 10 काण्ड तथा झारखण्ड के गिरिडीह के तिसरी थाना में काण्ड अंकित है।
03.	**गया / बाँके बाजार थाना**	➢ दि0–12.07.23 को गुप्त सूचना के आधार पर 15 वर्षों से फरार नक्सली भोला परहिया उर्फ रविन्द्र परहरिया, ग्राम डुमरी, थाना बाँके बाजार, जिला गया को गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तार नक्सली के विरुद्ध रौशनगंज थाना में काण्ड सं0 54/2008 तथा काण्ड 59/2011 पूर्व से अंकित है।

गत दिनों कुख्यात अपराधियों की गिरफ्तारी।		
04.	सारण/ परसा थाना	➢ डकैती की योजना बनाते 07 अपराधी गिरफ्तार। ➢ दिनांक–11.07.2023 को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम पचलख में कुछ अपराधकर्मी डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर की गयी छापामारी में अवैध आग्नेयास्त्र तथा लूट की मोटरसाइकिलों के साथ 07 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तारी – 01. अमित कुमार , 02. शहजाद अली , 03. शहाबू अली 04. रंजीज उर्फ ढ़ाका 05. दिलीप कुमार 06. विष्णु कुमार एवं 07. रामबाबू राय ➢ बरामदगी – देशी कट्टा 01, जिन्दा कारतूस 03, मोबाईल 04, एवं लूटी गयी मोटरसाइकिल 03।
05.	गोपालगंज / बरौली थाना	➢ गृह भेदन के 18 काण्डों का उद्भेदन तथा 08 अन्तर्जिला चोर गिरफ्तार। ➢ दिनांक–09.07.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम देवापुर में छापामारी कर के 08 अपराधकर्मियों को अवैध आग्नेयास्त्रों, मादक पदार्थों तथा चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तार अपराधकर्मियों के द्वारा गोपालगंज तथा सिवान जिला में गृहभेदन की कई घटनाएँ पूर्व में कारित की गयी हैं। इन अपराधकर्मियों के गिरफ्तारी से गोपालगंज के 13 तथा सिवान जिला के 05 काण्डों का उद्भेदन संभव हुआ। ➢ गिरफ्तारी – 01. राहुल कुमार कुमार, 02. सुमेश दत्त प्रियदर्शी , 03. राजा बाबू मिश्रा 04. परवेज आलम 05. मंजित कुमार 06. मोहन महतो 07. मो0 फारूख एवं 08. हिमांशु कुमार। ➢ बरामदगी – स्कॉर्पियो 01, गाँजा 01 कि0ग्रा0, देशी कट्टा 05 आदि।

अन्य उपलब्धि।		
06.	नालन्दा / इस्लामपुर थाना	➢ मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन। ➢ दिनांक–11.07.2023 को STF की टीम के द्वारा नालन्दा जिला के इस्लामपुर एवं हिलसा थाना क्षेत्र में छापामारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया तथा 02 हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तारी – 01. जितेन्द्र विश्वकर्मा , 02. मुन्ना मियाँ। ➢ बरामदगी – 01. पिस्टल 03, 02. अर्द्धनिर्मित पिस्टल 02, 03. जिन्दा गोली– 01 आदि हथियार बनाने के उपकरण।
07.	अरवल / अरवल थाना	➢ कुख्यात अपराधकर्मी को झारखण्ड से लूटी गयी ट्रक के साथ किया गया गिरफ्तार। ➢ दिनांक–11.07.2023 को STF की टीम के द्वारा अरवल जिला के सहयोग से कुख्यात अपराधकर्मी रितेश कुमार तथा संतोष कुमार को उनके अन्य 02 सहयोगियों सहित झारखण्ड राज्य हजारीबाग जिले के दारू थानाक्षेत्र से लूटी गयी ट्रक के साथ गिरफ्तार किया गया। ➢ गिरफ्तारी – 01. रितेश कुमार, 02. संतोष कुमार, 03. उदित कुमार एवं मनीष कुमार। ➢ बरामदगी – 01. लूटा हुआ ट्रक 01, 02. कार 01, 03. मोबाइल–03।